हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
15 अप्रैल 2024, समय 1810

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के अतिक्रमण को लेकर भारत तिब्बत सीमा पुलिस से संबंधित रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्ण बताया है।
- चंडीगढ़ प्रशासन ने कहा है कि किसी भी चिकित्सक को उसके मूल काडर में वापस भेजने का कोई प्रस्ताव नहीं है।
- करनाल स्थित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को कृषि व्यापार शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार नामक संस्था द्वारा, उत्कृष्ट उद्यान विश्वविद्यालय पुरस्कार से नवाज़ा गया।
- कुरूक्षेत्र के ब्रहम् सरोवर पर राज्यस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ।
- फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर साढ़े 31 किलो डोडा पोस्त बरामद किया।

..........................................................................................

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के अतिक्रमण को लेकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस से संबंधित रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्ण बताया है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह सोशल मीडिया पोस्ट राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति संवेदनशील मुद्दे को लेकर दुष्प्रचार और द्वेषपूर्ण भावना फैलाती है।

..........................................................................................

चंडीगढ़ प्रशासन ने कहा है कि मीडिया के एक हिस्से में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ द्वारा चिकित्सकों को उनके मूल काडर में वापस भेजने के आदेश बारे प्रकाशित हुआ समाचार भ्रामक है और तथ्यों पर आधारित नहीं है।

चंडीगढ़ प्रशासन के जन संपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञाप्ति में कहा गया है कि किसी भी चिकित्सक को उनके मूल काडर में वापस भेजने का कोई प्रस्ताव नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गत 6 माह में केवल 7 चिकित्सकों को उनके मूल काडर में वापस भेजा गया है। उनमें से 2 की आयु सेवानिवृत्ति के करीब थी और बन्य 5 मामलों में प्रशासनिक कारण थे।

प्रशासन ने कहा है कि नये चिकित्सकों की नियुक्ति के बावजूद चंडीगढ़ में चिकित्सकोंकी कमी है और ऐसी परिस्थिति में किसी भी चिकित्सक को बिना कारण वापस भेजने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह भी कहा गया है कि पिछले वित्तीय वर्ष में शहर में प्रतिनियुक्ति पर काम करने के इच्छुक आस पास के राज्यों के चिकित्सकों के साथ 3 दौर की बातचीत हुई है।

..........................................................................................

निर्वाचन आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मत पत्र द्वारा मतदान करने की सुविधा दी है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि बूथ लैवल अधिकारी (BLO) अपने क्षेत्र में घर से मतदान करने के इच्छुक इन दोनों वर्गों के मतदाताओं की जानकारी लेकर उनकी, घर से मतदान के लिए आवेदन करने में मदद करेंगे। निर्वाचन आयोग ऐसे आवेदकों का घर से ही मतदान सुनिश्चित करेगा।

श्री अग्रवाल ने बताया कि बूथ लैवल अधिकारियों को युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करने को भी कहा गया है ताकि पहली अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा 26 अप्रैल तक अपना वोट बनावाकर 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर सकें। उन्होंने बतायाकि जिन मतदाताओं को किसी अन्य स्थान पर अपना वोट स्थानांरित करवाना है तो वो भी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा ऐप के माध्यम से या चुनाव कार्यालय में जाकर निर्धारित फॉर्म भर सकते हैं।

..........................................................................................

जींद जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी अस्पतालों और प्राथमिक एवं सामुदायिक केंद्रों में ओपीडी पर्ची पर मतदाता जागरूकता संदेश की मोहर लगाकर मरीजों को मतदान के प्रति जागरूक किया जायेगा।

सिविल सर्जन डॉ. गोपाल गोयल ने आज जींद जिला मुख्यालय पर इस अनूठी पहल की शुरूआत की। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में डॉ. गोयल ने कहा कि जब समूचा देश चुनाव का पर्व देश का गर्व की भावना के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग ले रहा है तो अधिक से अधिक मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में भो लेने के लिए जागरूक करने हेतु हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे है।

उन्होंने बताया कि ओपीडी पर्ची पर मरीजों को यह संदेश दिया गया है कि वे अपना वोट अवश्य बनावायें और मतदान जरूर करें। पर्ची पर लगने वालीमोहर में ''चुनावका गर्व देश का पर्व'' स्लोगन भी शामिल किया गया है। सिविल सर्जन ने कहा कि इस पहल के साथ यी दिशा निर्देश भी दिए गए है कि स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को मौखिक तौर पर भी मतदान के बारे में बतायेंगे।

..........................................................................................

करनाल स्थित महाराणा प्रताप बागवानी विश्विद्यालय को उत्कृष्ट उद्यान विश्विद्यालय पुरस्कार से नवाज़ा गया है। विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार ''कृषि व्यापार शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार '' नामक संस्था द्वारा हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में बागवानी क्षेत्र में कियो जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार जैविक सूक्ष्म जीवों में अनुसंधान के दौरान ऐसे सूक्ष्मजीव संबंधित जैव आदानों की वहचान के लिए मिला है

जिनका बागवानी फसलों को सुरक्षित रखने एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन लेने में प्रयोग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इनके उपयोग से खेतों में 20 से 25 प्रतिशत कम रसायनिक उर्वरकों की जरूरत पड़ेगी।

प्रवक्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक गुणवत्तापूर्ण पेदावार बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं ताकि किसान का खर्च कम हो और आमदनी बढ़ने से वे आर्थिक तौर पर समृद्ध हों।

......................................................................................

आज कुरुक्षेत्र ब्रह्म सरोवर पर हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एस नारायणन ने 6 दिवसीय राजयस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

सचिव एस नारायणन, कुरुक्षेत्र से उपायुक्त शांतनु शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने ब्रहमसरोवर में नौकाओं को झंडी दिखाकर व दीप प्रजवलित कर आज से 20 अप्रैल तक चलने वाले इस शिविर का उदघाटन किया।

प्रदेश भर से आए करीब 150 प्रशिक्षणार्थियों को अपना संदेश देते हुए सचिव ने कहा कि इस शिविर में हर वर्ष प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को फिर से तरोताजा करने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि, यह प्रशिक्षण शिविर कर्मचारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके द्वारा यहां से प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत कहीं पर भी आने वाली आपदा में किसी की जान को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष प्रदेश में बाढ़ के कारण लगभग 47 लोगों ने अपनी जान गवाई थी, इसलिए इस प्रशिक्षण शिविर की अहमियत को समझने की जरुरत है।

......................................................................................

महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस हादसें के बाद स्कूल बसों की जांच निरंतर जारी है।

पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया की आज जिले में विभिन्न स्कूलों के 70 वाहनों की जांच की गई और खामियां पाये जाने पर 10 वाहनों के चालान किए गए और 4 वाहनों को कब्जे में लिया गया।

उधर, भिवानी में आज प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिऐशन, हरियाणा के बैनर तले स्कूल संचालकों ने बैठक की एवं बस हादसे में जन गंवाने वाले बच्चों के अभिभावकों के प्रति शोक व्यक्त किया।

एसोसिऐशन के प्रदेशाध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने कहा कि प्रशासन जिन स्कूलों की बसों में कमी है उनके खिलाफ ही कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि स्कूलों की नई बसो के चालान काटे जा रहे हैं अगर 2 दिन तक यह सब नहीं रूका तो 10 अप्रैल को प्रदेश के सभी निजी स्कूलों की बसों की चाबियां जिला उपायुक्तों को सौंप दी जायेंगी।

......................................................................................

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर साढ़े 31 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है।
पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बाबा तथा आकाश के तौर पर हुई है। दोनो आरोपी उत्तर प्रदेश के बदायूं के रहने वाले है जो फरीदाबाद के सीकरी गांव में किराए पर रह रहे थे।
उन्होंने बताया कि आरोपी बाबा के कब्जे से 16 किलो 200 ग्राम तथा आकाश के कब्जे से 15 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया।
आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि दोनों फरीदाबाद में एक ट्रक चालक के साथ सहायक का काम करते हैं और उत्तर प्रदेश से डोडा पोस्ट लाकर फरीदाबाद में बेचते थे।

........................................................................................

पंचकूला जिले की मंडियों में अब तक 4,604 टन से अधिक गेहूं और 628 टन से अधिक सरसों की खरीद की गई है और 584 टन सरसों और 320 टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि हैफेड द्वारा 584 टन सरसों का उठान किया गया जिसमें से 386 टन सरसों रायपुररानी अनाज मंडी तथा 198 टन सरसों बरवाला अनाज मंडी से उठाई गई है। इसी तरह 320 टन गेहूं में से हैफेड ने रायपुररानी अनाज मंडी से 160 टन और हरियाणा भंडारण निगम ने बरवाला अनाज मंडी से 160 टन गेहूं उठाया है।

........................................................................................

कैथल जिले में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कल शाम तक 78 हजार 774 टन गेहूं की खरीद गई है।
कैथल के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि जिले में हुई गेहूं की कुल आवक में से 23 हजार 939 टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 26 हजार 880 टन हैफेड द्वारा तथा 27 हजार 955 टन गेहूं हरियाणा भंडारण निगम द्वारा खरीदा गया है।
उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि मंडी में अपनी फसल को पूरी तरह से सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

........................................................................................